अच्छे एंटरप्रेन्योर के लिए ग्राहक संतुष्टि सर्वोपरि : अग्रवाल

sunil
gothwal

वे गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज़ डबोक द्वारा बुधवार को गीतांजलि ऑडिटोरियम में आयोजित 'एल्यूम्नाईट' में मुख्य अतिथि के रूप में 'हार्ट टू हार्ट- हाऊ सोल्जर टर्न्ड एन्टरप्रेन्योर' पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि किस तरह वो एक फौजी से एंटरप्रेन्योर बने। उन्होंने कहा कि जब आप कहीं पर भी नौकरी करते है तो नौकरी की भावना से ना करें। मालिक की भावना से करें, अपना समझ कर करें। शुभारंभ मुख्य अतिथि रमेश अग्रवाल, गीतांजली यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आरके नाहर, डायरेक्टर ऑपरेशन अंकित अग्रवाल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया।

गिट्स की स्थापना के 12 साल बाद पहली बार वृहद स्तर पर एल्यूम्नी मीट 2015 का आयोजन हुआ जिसमें इंस्टीट्यूट से पासआउट लगभग एक सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके साथ ही इन्डस्ट्री एकेडिमिया कोलोब्रेशन के अन्तर्गत लगभग बीस कंपनियों ने गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज के साथ मेमोरेन्डम ऑफ अंडरस्टेन्डिंग पर हस्ताक्षर किए। इन कंपनियों में अग्रवाल पैकर्स एंड मुवर्स के साथ कोर्पोरेट स्तर पर एम ओ यू पर हस्ताक्षर हुए जिसके अन्तर्गत ट्रेनिंग एंड प्लेस्मेन्ट्स, एक्सपीरियंस लेक्चर्स, फेकल्टी‍् डवलपमेंट प्रोग्राम होंगे। साथ ही कुंदन स्विचगियर प्रा. लिमिटेड, टेम्पसेन्स इंस्टमेंट्स, पायरोटेक इलेक्ट्रोनिक्स प्रा. लिमिटेड यूनिट 1, पायरोटेक इलेक्ट्रोनिक्स प्रा. लिमिटेड यूनिट 2, फ्रेड्स इन्जिनियरिंग वर्क्स, कोरपोरेट चैनल्स प्रा. लिमिटेड, जीबीएच कैंसर हॉस्पिटल, एडविया सोल्यूशन्स प्रा. लिमिटेड, वोल्केम इंडिया लिमिटेड, रिलायन्स केमोटेक्स लिमिटेड, जीआर इन्फ्राप्रोजेक्ट लिमिटेड, महिन्द्रा होलिडेज एवं कोग्नस टेक्नोलोजी एवं इत्यादि छह और कंपनियां शामिल है। संचालन शालिनी ने किया। धन्यवाद अंजली धाबाई ने दिया।